बैठक में विस्तार पूर्वक विचार किया गया था और फिर 12-9-1966 को दूसरी बैठक हुई जिसमें उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक, राजस्थान के राजस्व मन्त्री, संसद के स्थानीय सदस्य, शहरी इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन, बीकानेर म्यूनिसिपल बोर्ड के चेयरमैन और अन्य व्यक्ति उपस्थित थे। राज्य सरकार ने कोई अन्तिम निर्णय नहीं किया है। जब तक राज्य सरकार द्वारा अन्तिम निर्णय के साथ सड़क ऊपरी/निचले पुलों के निर्माण को तरजीह देने के लिए सर्वेक्षण की पूरी लागत बर्दाशत करने और रेलवे लाइन मोड़ने के निर्माण-कार्य के लिए वचन नहीं दिया जाता, तब तक यह बताना सम्भव नहीं है कि यह योजना कब तक क्रियान्वित की जाएगी।

उत्तर रेलवे के बीकानेर डिवीजन में पीली बंगाल स्टेशन पर यात्रियों के लिए पीने का पानी

3754. **श्री प० ला० बारूपाल** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे के बीकानेर डिवीजन में पीली बंगान स्टेशन पर यात्रियों को पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होता है;

(ख) यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की जा रही है;

(ग) क्या यह भी सच है कि अपनी प्यास बुझाने के लिए स्थानीय निवासियों, यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को उस रेलवे स्टेशन तथा निकट के बाजार में भूमिगत खारा (गन्दा) पानी पीना पड़ता है;

(घ) क्या सरकार का विचार यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए रेलवे स्टेशन पर एक पानी की टंकी बनाने का है; और

(ङ) यदि हाँ, तो यह सुविधा कब तक उपलब्ध कर दी जायेगी ?

रेलवे मंत्री (श्री नन्दा) : (क) स्टेशन पर यात्रियों को पीने का पानी पर्याप्त रूप से उपलब्ध है।

(ख) सवाल नहीं उठता।

(ग) जी नहीं, रेलवे स्टेशन पर ऐसा नहीं है।

(घ) और (ङ). सवाल नहीं उठता, क्योंकि रेलवे स्टेशन पर घड़ों के पानी की सप्लाई का प्रबन्ध पहले ही मौजूद है।

सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन (उत्तर रेलवे) पर यात्रियों के लिए पीने का ठंडा पानी

3755. **श्री प० ला० बारूपाल** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे के बीकानेर डिवीजन के सूरतगढ़ स्टेशन पर यात्रियों के लिए पीने के ठंडे पानी की उचित व्यवस्था नहीं है और पानी के घड़ों की वर्तमान व्यवस्था पर्याप्त नहीं है;

(ख) क्या यात्रियों की सुविधा के लिए वहाँ एक वाटर कूलर लगाया जायेगा; और

(ग) यदि हाँ, तो उसकी व्यवस्था करने में कितना समय लगेगा ?

रेलवे मन्त्री (श्री नन्दा) : (क) सूरतगढ़ स्टेशन पर पीने के पानी की सप्लाई की पर्याप्त व्यवस्था है। इस स्टेशन पर पानी जमा रखने के लिए काफी संख्या में घड़ों की व्यवस्था की गयी है।